राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर करेडा जिला–भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी :– नारायणलाल जीनगर आर0ए0एस0

मुकदमा संख्या :– 324/2023 पत्थर

गोपी पुत्र बाबू गुजर नि० धाकाद - त० करेड़ा - भी०

प्रार्थी.....

बनाम

राज० सरकार जरिये तहसीलदार करेड़ा

विपक्षीगण....

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0भू0रा0अधि0 1956

:: आदेश :: दिनांक 10/6/23

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0भू0राज0अधि0 1956 के तहत प्रस्तुत क निवेदन किया कि ग्राम धाकाद पटवार हल्का धाकाद तहसील करेड़ा में उसके खाते/संयुक्त खातों व खाता संख्या 109 आराजी नम्बर 2521/314, ...

..... कुलकिता 1 रकबा 0.6323 हैक्टेयर भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण के मध आराजी मुतदाविया के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा सबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। जिसमें प्रार्थी अप खाते/ संयुक्त खातें की भूमि की पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराये जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 9/6/23 को पंजीबद्व किया जाकर प्रकरण को अवलोकना से यह बात सिद्व है कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते एंव कब्जे काश्त की होने से पत्थरगढी कराने का अधिकारी है वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार की हैरा–फैरी होने का अदेंशा नही है तथा न किर प्रकार अधिकार निर्धारित किये जाते है। अतः इनत तथ्यों का देखते हुये नैसर्गिक की न्यायिक सिद्वान्त के आधार प आवेदन पत्र प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

:: आदेश::

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 111–128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 का स्वीकार किया जाकर ग्राम धाकाद पटवार हल्का धाकाद तहसील करेड़ा में स्थित खाता संख्या 109 आराज नम्बर 2521/314, ...

कुलकिता 1 रकबा 0.6323 हैक्टेयर भूमि के चारों तरफ सीमा की पुख्ता जानकारी किये जाने हेतु पत्थरगढ किये जाने हेतु भू– अभिलेख निरीक्षक धाकाद को 500/– रुपये कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण मौके पर जमा करावे। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान की मौजूदगी मौके व कब्जे की यथास्थिति को बनायें रखते हुये मस्तकील बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढी की जावें। फसल खड़ होने पर पत्थरगढी नही की जावे।

संलग्नः– प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपी

Signature Not Verified

Digitally signed by Narayan Lal Jingar
Date: 2023.08.12 15:08:45 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा जिला भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :– तहसीलदार करेड़ा को भेजकर लेख है कि प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने पर नियमानुसार पत्थरगढी की जाकर पालना रिपोर्ट 07 दिवस में प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
करेड़ा जिला भीलवाड़ा